


दैनिक भास्कर

उज्जैन 13-04-2025

# डॉ. आंबेडकर के विचारों में राष्ट्रीयता की भावना हिलोरें लेती रही -डॉ. जोशी

## माधव कॉलेज में डॉ अंबेडकर और भारतीय संविधान पर केंद्रित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शुभारंभ

उज्जैन | डॉ. बीआर आंबेडकर अद्भुत प्रतिभा के धनी थे। उनके विचारों में राष्ट्रीयता की भावना हिलोरें लेती रही है। वे कहते थे कि देश की स्वतंत्रता के साथ ही देश में रहने वाले लोगों की स्वतंत्रता भी आवश्यक है। डॉ. आंबेडकर संविधान की प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा था कि संप्रभुता भारत की जनता में निहित है। इसीलिए संविधान की प्रस्तावना में कहा गया "हम भारत के लोग।"

यह बात प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय में भारतीय संविधान और डॉ. आंबेडकर पर केंद्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शासकीय कन्या महाविद्यालय रतलाम की प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने मुख्य वक्ता के रूप में कही। संगोष्ठी का शुभारंभ अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा उज्जैन संभाग डॉ. एचएल अनिजवाल के मुख्य आतिथ्य में



हुआ। सारस्वत अतिथि माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास थे। मुख्य अतिथि डॉ. अनिजवाल ने कहा कि भारत रत्न डॉ. आंबेडकर और संविधान को भारत के प्रत्येक नागरिक को जानना चाहिए। डॉ. व्यास ने डॉ. आंबेडकर, उनके जीवन और कृतित्व को प्रस्तुत करते हुए कहा कि वह भारत की धरती पर जन्मे अमृत पुत्र थे। डॉ. आंबेडकर ने संविधान में लोकतांत्रिक, सामाजिक और न्याय संगत आधार प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर का चिंतन सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित था। बाबा साहेब हम सब के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। संविधान हमारा दर्पण है, जिसमें हम अपने अतीत को देखते हैं, वर्तमान को समझते हैं और भविष्य को गढ़ते हैं। इसके बाद ऑफलाइन और ऑनलाइन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिसमें प्राध्यापक, संविधान विशेषज्ञ विद्वानों एवं शोधार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत वक्तव्य संगोष्ठी संयोजक डॉ. आयशा सिद्दीकी ने दिया। अतिथि परिचय डॉ. नीरज सारवान ने दिया। इस अवसर पर शोध संक्षेपिका के प्रकाशन का लोकार्पण अतिथियों ने किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। संगोष्ठी से पूर्व अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा तथा शहीदों के रजकण पर पुष्पांजलि अर्पित की।

12:37